1. Fill in the blank with correct preposition :
I have never looked on a face that was so devoid ____ feeling.
(A) by (B) in
(C) at (D) of

2. Give synonym of underlined word :
He sat there disparaging about the legal system.
(A) Praising (B) Criticizing
(C) Lecturing (D) Belittling

3. Give one word for :
The original inhabitants of a country.
(A) Strangers (B) Aliens
(C) Citizen (D) Aborigines

**Read the following paragraph and answer the following questions : (Q. 4 and 5)**

In the United States someone legally becomes an adult when they turn 18 years old. At 18, U.S. citizens can vote. They can also serve in the military and go fight in wars for the country. An 18-year old can also buy cigarettes and other tobacco products, but 18-year-olds cannot buy alcoholic beverages. People in the U.S. need to wait until they are 21 to be able to do that.

At the age of 18, people can legally live on their own, work, and get married. However, turning 18 doesn't mean everyone is ready to take on adult responsibilities. At the age of 18, most people are just graduating from high school. Many will go to college. Some young people choose to go to college far from their homes and live in dormitories. Others pick a college close to home and stay with their parents to save money. Yet others will choose to live on their own. Legally, a parent does not have to provide for their child when the child turns 18.

4. Which is correct from the followings with reference to U.S. ?
(A) Children must leave their parents even after 18.
(B) Children must live with their parents even after 18.
(C) All are incorrect
(D) Children may live with their parents even after 18.

5. In U.S., what is the minimum age required to join military ?
(A) 18 (B) 16
(C) 19 (D) 17

6. एक घड़ी सुबह 8 बजे सेट की जाती है । घड़ी 24 घंटे में 10 मिनट आगे बढ़ जाती है । जब दूसरे दिन घड़ी दोपहर 1 बजे का समय बताती है तो वास्तविक समय क्या होगा ?
A clock is set right at 8 a.m. The clock gains 10 minutes in 24 hours. What will be the true time when the clock indicates 1 p.m. on the following day ?
(A) 12 बजकर 47 मिनट/47 min. past 12
(B) 12 बजकर 45 मिनट/45 min. past 12
(C) 12 बजकर 46 मिनट/46 min. past 12
(D) 12 बजकर 48 मिनट/48 min. past 12

7. यदि शब्दों को डिक्शनरी के अनुसार व्यवस्थित किया जाए तो अंतिम से दूसरे स्थान पर क्या आएगा ?
If the words are arranged according to the dictionary, what will come in the second place from the last ?
1. Spastically 2. Spasmatic
3. Spasticity 4. Spastic
5. Spasmodical
(A) Spastically (B) Spastic
(C) Spasmatic (D) Spasmodical

8. कबूतरों की एक पंक्ति में, सभी उत्तर की ओर मुख किए हुए हैं, P1 बाएँ छोर से 9वें स्थान पर है और P2 दाएँ छोर से 12वें स्थान पर है । P1 और P2 के बीच तीन मोर हैं । P1 और P3, P4 से समान दूरी पर हैं । ज्ञात कीजिए कि पंक्ति में कितने कबूतर हैं ।
In a row of Pigeons, all are facing north, P1 is 9$^{th}$ from the left end and P2 is 12$^{th}$ from the right end. There are three peacocks between P1 and P2. P1 and P3 are equidistant to P4. Find how many Pigeons are there in the row.
(A) 18
(B) 15
(C) निर्धारित नहीं किया जा सकता/ Can't be determined
(D) 4

9. एक कूट भाषा में, PERMUTATION को IBKFRMXMFLG लिखा जाता है । उस भाषा में PUBLICSECTOR को कैसे लिखा जाएगा ?
In a code language, PERMUTATION is written as IBKFRMXMFLG. How will PUBLICSECTOR be written as in that language ?
(A) IRVEFVLBVMLK
(B) ICUFEVLBVNLK
(C) IRUEFVLBVMLK
(D) ICUFEVLBVMLJ

10. प्रश्न में दो कथन I और II दिए गए हैं । ये कथन या तो स्वतंत्र कारण हो सकते हैं या स्वतंत्र कारणों या सामान्य कारण के प्रभाव हो सकते हैं । इनमें से एक कथन दूसरे कथन का प्रभाव हो सकता है । दोनों कथनों को पढ़ें और निर्णय लें कि निम्नलिखित में से कौन सा उत्तर विकल्प इन दोनों कथनों के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है ।

**कथन :**

I. सरकार ने भारत के सभी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए एक ही प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है ।

II. राज्य सरकार ने अन्य राज्यों के छात्रों को राज्य के मेडिकल कॉलेजों की सीटों के लिए आवेदन करने से रोक दिया है ।

(A) दोनों कथन I और II किसी सामान्य कारण के प्रभाव हैं ।

(B) कथन I कारण है और कथन II इसका प्रभाव है ।

(C) दोनों कथन I और II स्वतंत्र कारण हैं ।

(D) कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है ।

In the question two statements I and II are given. These statements may be either independent causes or may be effects of independent causes or a common cause. One of these statements may be the effect of the other statement. Read both the statements and decide which of the following answer choice correctly depicts the relationship between these two statements.

**Statements :**

I. The Government has decided to hold a single entrance test for admission to all the medical colleges in India.

II. The State Government has debarred students from other States to apply for the seats in the medical colleges in the State.

(A) Both the statements I and II are effects of some common cause.

(B) Statement I is the cause and statement II is its effect.

(C) Both the statements I and II are independent causes.

(D) Statement II is the cause and statement I is its effect.

11. हाल ही में, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बाल देखभाल संस्थानों की वास्तविक समय में निगरानी के निर्बाध निरीक्षण के लिए निम्नलिखित में से कौन सी एप्लीकेशन विकसित की है ?

Recently, National Commission for Protection of Child Rights (NCPCR) has developed which among the following applications for Seamless Inspection for real time monitoring of the Child Care Institutions ?

(A) MCTS (B) MAA (C) MCH (D) MASI

12. हाल ही में, भारत और निम्नलिखित में से किस देश के नेताओं ने जलवायु महत्त्वाकांक्षा, डीकार्बोनाइजेशन और स्वच्छ ऊर्जा पर सहयोग बढ़ाने और पार्टियों के यूएनएफसीसीसी सम्मेलन के 28वें सत्र से सार्थक परिणाम प्राप्त करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई है ?

(A) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) (B) सिंगापुर
(C) जापान (D) नेपाल

Recently, the leaders of India and which among the following countries committed to enhance cooperation on climate ambition, decarbonization and clean energy, and work together to have meaningful outcomes from the 28th Session of the UNFCCC Conference of Parties ?

(A) United Arab Emirates (UAE)
(B) Singapore
(C) Japan
(D) Nepal

13. _____ ने एनईपी 2020 समारोह के तीसरे वर्ष के अवसर पर विशेषज्ञता और संसाधनों को साझा करने के साथ-साथ भारतीय सांकेतिक भाषा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संसाधनों के सह-विकास के लिए एनआईओएस (NIOS) के साथ समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए ।

(A) सीबीएसई (CBSE)
(B) आईएसएलआरटीसी (ISLRTC)
(C) एनसीईआरटी (NCERT)
(D) आईआईएससी (IISC)

_______ signed MOU with NIOS to share expertise and resources, as well as co-develop quality learning resources in Indian Sign Language on the occasion of 3rd year of NEP 2020 celebrations.

(A) CBSE (B) ISLRTC
(C) NCERT (D) IISC

14. भारत सरकार ने 2030 तक ऊर्जा मिश्रण में ____ की हिस्सेदारी 15% तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है ।
(A) सौर ऊर्जा (B) प्राकृतिक गैस
(C) जल विद्युत (D) कोयला
The Government of India has set target to raise the share of ____ in the energy mix to 15% by 2030.
(A) Solar Energy (B) Natural Gas
(C) Hydro power (D) Coal

15. निम्नलिखित में से किसने हाल ही में भारत में प्रशिक्षुता पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करने के लिए NAPS (नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम) में DBT (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) लॉन्च किया है ?
(A) श्री पीयूष गोयल (B) श्री धर्मेंद्र प्रधान
(C) श्री रमेश पोखरियाल (D) श्री बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम
Who among the following recently launched DBT (Direct Benefit Transfer) in NAPS (National Apprenticeship Promotion Scheme) to strengthen apprenticeship ecosystem in India ?
(A) Shri Piyush Goyal
(B) Shri Dharmendra Pradhan
(C) Shri Ramesh Pokhriyal
(D) Shri B.V.R. Subrahmanyam

16. गुइलेन–बैरी सिंड्रोम के मामलों में वृद्धि के कारण निम्नलिखित में से किस देश ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की ?
(A) इजराइल (B) म्यांमार (C) जिम्बाब्वे (D) पेरू
Which among the following countries declared National Emergency due to spike in Guillain-Barre syndrome cases ?
(A) Israel (B) Myanmar
(C) Zimbabwe (D) Peru

17. भारत के निम्नलिखित में से किस रेलवे स्टेशन को यूनेस्को का एशिया पैसिफिक सांस्कृतिक विरासत पुरस्कार मिला है ?
(A) काचीगुडा रेलवे स्टेशन, तेलंगाना
(B) हावड़ा रेलवे स्टेशन, पश्चिम बंगाल
(C) बायकुला रेलवे स्टेशन, महाराष्ट्र
(D) गुंतकल रेलवे स्टेशन, आंध्र प्रदेश
Which among the following railway station from India got UNESCO's Asia Pacific Cultural Heritage Award ?
(A) Kacheguda Railway Station, Telangana
(B) Howrah Railway Station, West Bengal
(C) Byculla Railway Station, Maharashtra
(D) Guntakal Railway Station, Andhra Pradesh

18. सह्याद्रि पर्वत शृंखला में स्थित लोकप्रिय पहाड़ी किले का नाम बताएँ जिसे "दी ईगल्स नेस्ट" के नाम से जाना जाता है ।
(A) कासा किला (B) शिवनेरी किला
(C) रंगाना किला (D) तोरणा किला
Give name of the popular hill fort located in Sahyadri Mountain Range that is known as "The Eagle's Nest".
(A) Kasa Fort (B) Shivneri Fort
(C) Rangana Fort (D) Torna Fort

19. हाल ही में नागरिक उड्डयन मंत्री, श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उत्केला हवाई–अड्डे का उद्‌घाटन किया है जो भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में UDAN योजना के तहत एक क्षेत्रीय हवाई–अड्डा है ?
(A) ओडिशा (B) पश्चिम बंगाल
(C) मणिपुर (D) छत्तीसगढ़
Recently Minister of Civil Aviation, Shri Jyotiraditya Scindia has inaugurated Utkela Airport that is a regional airport under the UDAN scheme in which of the following states of India ?
(A) Odisha (B) West Bengal
(C) Manipur (D) Chhattisgarh

20. संयुक्त राज्य अमेरिका के निम्नलिखित में से किस राज्य ने अक्टूबर महीने को "हिंदू विरासत माह" घोषित किया है ?
(A) फ्लोरिडा (B) सैन फ्रांसिस्को
(C) ओहायो (D) जॉर्जिया
Which of the following states of U.S.A. has declared month of October as "Hindu Heritage Month" ?
(A) Florida (B) San Francisco
(C) Ohio (D) Georgia

21. हाल ही में निम्नलिखित में से किस देश ने "घोस्ट शार्क" नामक एक स्वायत्त रोबोटिक अंडरसी वॉरफेयर वाहन को डिजाइन और निर्माण किया है ?
(A) भारत (B) जर्मनी
(C) न्यूजीलैंड (D) ऑस्ट्रेलिया
Recently which of the following countries has designed and manufactured an autonomous robotic undersea warfare vehicle named "Ghost Shark" ?
(A) India (B) Germany
(C) New Zealand (D) Australia

22. घोड़े की नाल के आकार की पातालकोट घाटी का रमणीय दृश्य प्रदान करने वाला तामिया हिल स्टेशन भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है ?
(A) कर्नाटक (B) गोवा (C) पुडुचेरी (D) मध्य प्रदेश
Tamia Hill station that provides stunning view of the horseshoe-shaped Patalkot Valley is situated in which of the following States/UTs of India ?
(A) Karnataka (B) Goa
(C) Puducherry (D) Madhya Pradesh

23. निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारत आसियान का क्षेत्रीय सम्भाषण भागीदार (पार्टनर) बना ?
India became a sectoral dialogue partner of ASEAN in which of the following years ?
(A) 2012 (B) 1996 (C) 1992 (D) 1995

24. तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार भूमि, समुद्र और वायु पर साहसिक कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है । इस पुरस्कार के लिए नकद पुरस्कार राशि क्या है ?
The Tenzing Norgay National Adventure Award is the highest national recognition for outstanding achievements in the field of adventure on land, sea and air. What is the cash prize amount for this award ?
(A) 05 लाख/Lakh (B) 15 लाख/Lakh
(C) 20 लाख/Lakh (D) 10 लाख/Lakh

25. नीतिसार (राजनीति के तत्व) जिसमें कौटिल्य के अर्थशास्त्र का प्रारंभिक मूल पाठ शामिल है, निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखा गया था ?
(A) कामन्दक (B) वीरसेन
(C) विष्णुगुप्त (D) श्री हर्ष
Nitisara (The Elements of Polity) which contains the earlier foundational root text of Kautilya's Arthshastra was written by whom of the following ?
(A) Kamandaka (B) Vir Sena
(C) Vishnugupta (D) Sri Harsha

26. निम्नलिखित में से कौन सा दिन हर साल अंतर्राष्ट्रीय प्राकृतिक आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के रूप में मनाया जाता है ?
(A) 13 अगस्त (B) 31 अक्टूबर
(C) 13 अक्टूबर (D) 11 जुलाई
Which among the following days is celebrated as the International Day for Natural Disaster Risk Reduction every year ?
(A) 13th August (B) 31st October
(C) 13th October (D) 11th July

27. निम्नलिखित देशों को उनकी राजधानियों से सुमेलित कीजिए :
(i) जाम्बिया – (a) हवाना
(ii) क्यूबा – (b) मनामा
(iii) रवांडा – (c) लुसाका
(iv) बहरीन – (d) किगाली
Match the following countries with their capitals :
(i) Zambia – (a) Havana
(ii) Cuba – (b) Manama
(iii) Rwanda – (c) Lusaka
(iv) Bahrain – (d) Kigali
(A) (i)-(d), (ii)-(a), (iii)-(b), (iv)-(c)
(B) (i)-(b), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(c)
(C) (i)-(c), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(b)
(D) (i)-(b), (ii)-(d), (iii)-(c), (iv)-(a)

28. झोटी चिता और मुरुजा फर्श और दीवारों पर सुंदर पैटर्न बनाने की सफेद कला हैं । यह भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य की कला है ?
(A) ओडिशा (B) केरल
(C) छत्तीसगढ़ (D) तमिलनाडु
Jhoti Chita and Muruja are white art to create beautiful patterns on the floor and walls. It is an art form of which of the following states in India ?
(A) Odisha (B) Kerala
(C) Chhattisgarh (D) Tamil Nadu

29. भारत के महान त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण का काम 10 अप्रैल, 1802 को मद्रास में शुरू हुआ जब मद्रास देशांतर से संबंधित एक आधारभूत माप किया गया था । वर्तमान में मद्रास वेधशाला को किस नाम से जाना जाता है ?
(A) योजना और वास्तुकला स्कूल
(B) भारतीय खगोल-भौतिकी संस्थान
(C) भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान
(D) रमन अनुसंधान संस्थान
The work of the Great Trigonometrical Survey of India commenced at Madras on April 10, 1802 when a baseline measurement related to the Madras longitude was made. Currently that Madras Observatory is known by which name ?
(A) School of Planning and Architecture
(B) Indian Institute of Astrophysics
(C) Indian Institute of Space Science and Technology
(D) Raman Research Institute

30. निम्नलिखित में से कौन सा भारत का पहला DBOT (डिज़ाइन, निर्माण, संचालन और हस्तांतरण) मॉडल आउटडोर स्टेडियम है ?

(A) स्पोर्ट्स हब, तिरुवनंतपुरम

(B) जवाहरलाल नेहरू अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम, कोच्चि

(C) कोझिकोड कॉर्पोरेशन ईएमएस स्टेडियम, कोझिकोड

(D) महात्मा गांधी स्टेडियम, सेलम

Which among the following is India's first DBOT (Design, Build, Operate and Transfer) model outdoor stadium ?

(A) The Sports Hub, Thiruvananthapuram

(B) Jawaharlal Nehru International Stadium, Kochi

(C) Kozhikode Corporation EMS Stadium, Kozhikode

(D) Mahatma Gandhi Stadium, Salem

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 31-35)**

मेरे एक मित्र हैं, बड़े विद्वान, स्पष्टवादी और नीतिमान । वह इस राज्य के बहुत प्रतिष्ठित नागरिक हैं । उनसे मिलने से सदा नयी स्फूर्ति मिलती है । यद्यपि वह अवस्था में मुझसे छोटे हैं, तथापि मुझे सदा सम्मान देते हैं । इस देश में यह एक अच्छी बात है कि सब प्रकार से हीन होकर भी यदि कोई उम्र में बड़ा हो, तो थोड़ा-सा आदर पा ही जाता है । मैं भी पा जाता हूँ । मेरे इस मित्र की शिकायत थी कि देश की दुर्दशा देखते हुये भी मैं कुछ कह नहीं रहा हूँ, अर्थात् इस दुर्दशा के लिये जो लोग जिम्मेदार हैं उनकी भर्त्सना नहीं कर रहा हूँ । यह एक भयंकर अपराध है । कौरवों की सभा में भीष्म ने द्रौपदी का भयंकर अपमान देखकर भी जिस प्रकार मौन धारण किया था, वैसे ही कुछ मैं और मेरे जैसे कुछ अन्य साहित्यकार चुप्पी साधे हैं । भविष्य इसे उसी तरह क्षमा नहीं करेगा जिस प्रकार भीष्म पितामह को क्षमा नहीं किया गया । मैं थोड़ी देर तक अभिभूत होकर सुनता रहा और मन में पापबोध का भी अहसास हुआ । सोचता रहा, कुछ करना चाहिये, नहीं तो भविष्य क्षमा नहीं करेगा । वर्तमान ही कौन क्षमा कर रहा है ? काफी देर तक मैं परेशान रहा–चुप रहना ठीक नहीं है, कम्बख्त भविष्य कभी माफ नहीं करेगा । उसकी सीमा भी तो कोई नहीं है । पाँच हजार वर्ष बीत गये और अब तक बेचारे भीष्म पितामह को क्षमा नहीं किया गया । भविष्य विकट असहिष्णु है । काफी देर बाद भ्रम दूर हुआ । मैं भीष्म नहीं हूँ । अगर हिन्दी में लिखनेवाला कोई भीष्म हो जाता हो, तो भी मुझे कौन पूछता है ? बहुत ज्ञानी-गुणी भरे पड़े हैं । मुझसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे । मुझे कोई डर नहीं है । 'भविष्य' नामक महादुरन्त अज्ञात मुझे किसी गिनती में लेने वाला नहीं है । डरना हो तो वे ही लोग डरें, जिनकी गिनती हो सकती है । तुम क्यों घबराते हो, मनसाराम, तुम तो न तीन में, न तेरह में, बड़ी राहत मिली इस यथार्थबोध से ।

31. 'न तीन में, न तेरह में' मुहावरे का कौन सा अर्थ ठीक लगता है ?

(A) धोखे में रहना ।

(B) बहुत ही महत्वपूर्ण होना ।

(C) धैर्यपूर्वक सोचना ।

(D) किसी भी गिनती में न आना ।

32. 'भर्त्सना' का क्या तात्पर्य है ?

(A) निंदा और तिरस्कार (B) अपमान

(C) चुगली (D) विरोध

33. लेखक की परेशानी का क्या कारण था ?

(A) लेखक और उनके जैसे साहित्यकारों को भविष्य कभी क्षमा नहीं करेगा जैसे भीष्म को आज तक क्षमा नहीं किया गया ।

(B) लेखक के मित्र ने शिकायत की और उन्हें बताया कि देश की दुर्दशा देखते हुये भी वह कुछ कह नहीं रहा है ।

(C) लेखक ने सोचा कि उनसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे बहुत से ज्ञानी–गुणी लोग भरे पड़े हैं ।

(D) भविष्य विकट असहिष्णु है और भविष्य की कोई सीमा नहीं होती ।

34. भीष्म पितामह को क्षमा क्यों नहीं किया गया ?

(A) कौरवों की सभा में भीष्म ने द्रौपदी का भयंकर अपमान देखकर भी मौन धारण किया था ।

(B) क्योंकि भीष्म ने महाभारत के युद्ध में कौरवों के पक्ष में युद्ध किया था ।

(C) भीष्म के मन में पापबोध का अहसास हुआ था ।

(D) भीष्म बहुत बड़े ज्ञानी थे और पक्षपाती होने से उन्हें भविष्य ने क्षमा नहीं किया ।

35. लेखक को किस यथार्थबोध से राहत मिली ?

(A) लेखक के अभिभूत होकर सुनते रहने और मन में पापबोध का अहसास होने से राहत मिली ।

(B) लेखक के मित्र ने जो शिकायत की थी वह सही नहीं थी ।

(C) लेखक के मित्र उनसे अवस्था में छोटे थे और वे लेखक का सम्मान भी करते थे ।

(D) लेखक भीष्म नहीं थे और उनसे अवस्था में, ज्ञान में, प्रतिभा में बहुत आगे बहुत से ज्ञानी-गुणी लोग भरे पड़े हैं, उन्हें भविष्य नामक महादुरंत जंतु से डरना चाहिए ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्र. 36-40)**

राष्ट्र केवल ज़मीन का टुकड़ा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत होती है जो हमें अपने पूर्वजों से परंपरा के रूप में प्राप्त होती है । जिसमें हम बड़े होते हैं, शिक्षा पाते हैं और साँस लेते हैं–हमारा अपना राष्ट्र कहलाता है और उसकी पराधीनता व्यक्ति की परतंत्रता की पहली सीढ़ी होती है । ऐसे ही स्वतंत्र राष्ट्र की सीमाओं में जन्म लेने वाले व्यक्ति का धर्म, जाति, भाषा या संप्रदाय कुछ भी हो, आपस में स्नेह होना स्वाभाविक है । राष्ट्र के लिए जीना और काम करना, उसकी स्वतंत्रता तथा विकास के लिए काम करने की भावना राष्ट्रीयता कहलाती है ।

जब व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से धर्म, जाति, कुल आदि के आधार पर व्यवहार करता है तो उसकी दृष्टि संकुचित हो जाती है । राष्ट्रीयता की अनिवार्य शर्त है–देश को प्राथमिकता, भले ही हमें 'स्व' को मिटाना पड़े । महात्मा गांधी, तिलक, सुभाषचन्द्र बोस आदि के कार्यों से पता चलता है कि राष्ट्रीयता की भावना के कारण उन्हें अनगिनत कष्ट उठाने पड़े किंतु वे अपने निश्चय में अटल रहे । व्यक्ति को निजी अस्तित्व कायम रखने के लिए पारस्परिक सभी सीमाओं की बाधाओं को भुलाकर कार्य करना चाहिए तभी उसकी नीतियाँ-रीतियाँ राष्ट्रीय कही जा सकती हैं ।

जब-जब भारत में फूट पड़ी, तब-तब विदेशियों ने शासन किया । चाहे जातिगत भेदभाव हो या भाषागत-तीसरा व्यक्ति उससे लाभ उठाने का अवश्य यत्न करेगा । आज देश में अनेक प्रकार के आंदोलन चल रहे हैं । कहीं भाषा को लेकर संघर्ष हो रहा है तो कहीं धर्म या क्षेत्र के नाम पर लोगों को निकाला जा रहा है जिसका परिणाम हमारे सामने है । आदमी अपने अहं में सिमटता जा रहा है । फलस्वरूप राष्ट्रीय बोध का अभाव परिलक्षित हो रहा है । यदि हमारे राजनेता अपने स्वार्थ के लिए संस्कृति के इस मूल सन्देश को भूलकर देश की जनता को गलत दिशा देंगे, तब-तब देश के अंदर अस्थिरता, फूट, अंतर्विरोध, गृह-युद्ध जैसे हालात जन्म लेंगे और इसका फ़ायदा अन्य बाहरी देशों को होगा ।

अतएव एक जागरूक नागरिक के रूप में हमें इस बात को गहराई से समझते हुए तुच्छ मतभेदों को त्यागकर अपने मत का सदुपयोग करना चाहिए, जिससे चुने गए हमारे प्रतिनिधि राष्ट्र के लिए निर्माणात्मक दिशा दे सकें । जाति, भाषा और धर्म से ऊपर उठकर और नेताओं के भाषणों से प्रभावित हुए बिना हमें विवेकपूर्वक देश के उत्थान में अपना सहयोग देना चाहिए ।

36. राष्ट्र, सांस्कृतिक और विरासत क्रमशः कौन सी व्याकरणिक इकाइयाँ हैं ?
(A) संज्ञा, विशेषण और विशेषण
(B) विशेषण, संज्ञा और संज्ञा
(C) संज्ञा, संज्ञा और संज्ञा
(D) संज्ञा, विशेषण और संज्ञा

37. 'अंतर्विरोध' शब्द में किस प्रकार की संधि है ?
(A) अयादि संधि
(B) पूर्वरूप संधि
(C) विसर्ग संधि
(D) हल् संधि

38. व्यक्ति की दृष्टि कब संकुचित हो जाती है ?
(A) जब व्यक्ति 'राष्ट्रीयता' को 'स्व' से ऊपर रखकर सोचता है ।
(B) जब व्यक्ति राजनेताओं के भाषणों से प्रभावित होकर विवेकपूर्वक उनको वोट देता है ।
(C) जब व्यक्ति धर्म, जाति, कुल आदि को प्रमुख मानने लगता है ।
(D) जब राजनेता जनता को लुभाने के लिए बड़े-बड़े वायदे करते हैं ।

39. एक जागरूक नागरिक के रूप में हमारा क्या कर्तव्य है ?
(A) धर्म, जाति, भाषा आदि के तुच्छ मतभेदों को भुलाकर एक सुयोग्य और कर्मठ व्यक्ति को मत दें ।
(B) हम अपनी जाति, संप्रदाय और बिरादरी के उत्थान का ध्यान रखते हुए मतदान करें ।
(C) सभी राजनेता एक जैसे ही होते हैं इसलिए किसी को भी वोट नहीं दें ।
(D) हम नेताओं के भाषणों को बिलकुल भी नहीं सुनें और अपनी इच्छानुसार किसी भी नेता को वोट दें ।

40. देश में चलने वाले अनेक प्रकार के आन्दोलनों का क्या परिणाम होता है ?
(A) लोगों को अधिकार प्राप्त होंगे और स्थानीय लोग उन आंदोलनकारियों को अपना नेता मानने लगेंगे ।
(B) देश के अंदर स्थिरता पैदा होगी और आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ेगा ।
(C) आपसी घृणा और विद्वेष पैदा कर देने से राजनैतिक दलों को अपने वोट बैंक बढ़ाने में मदद मिलेगी ।
(D) आन्दोलनों से सरकार आंदोलनकारियों की बात सुन पाएगी ।

निम्नलिखित लाइन चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : (प्र. 41-45)


नीचे पाँच ट्रेनों की जोड़ी दी गई है। प्रत्येक जोड़ी की लंबाई का योग और विपरीत दिशा में यात्रा करते समय प्रत्येक जोड़ी में ट्रेनों द्वारा एक दूसरे को पार करने में लगने वाले समय का योग रेखा ग्राफ (लाइन ग्राफ) में दिया गया है।

लंबाई (डेकामीटर में) और विपरीत दिशा में यात्रा करते समय एक दूसरे को पार करने में लगने वाला समय (सेकंड में)। (1 डेकामीटर = 10 मीटर)

**Study the following line chart carefully and answer the questions given below : (Q. 41-45)**

Below the pair of five trains are given. The sum of length of each pair and the time taken by trains in each pair to cross each other when travelling in opposite direction is given in the line graph.

Length (in decameter) and Time (in sec.) taken to cross each other when travelling to opposite direction. (1 decameter = 10 meter)




41. ट्रेन A द्वारा ट्रेन C को पार करने में लिया गया समय ज्ञात कीजिए यदि वे एक ही दिशा में यात्रा कर रही हैं।

Find the time taken by train A to pass train C if they are travelling in the same direction.

(A) 86 सेकंड/seconds (B) 80 सेकंड/seconds
(C) 73 सेकंड/seconds (D) 90 सेकंड/seconds

42. यदि ट्रेन B और ट्रेन D दोनों विपरीत दिशा में यात्रा कर रही हैं तो उनके द्वारा एक दूसरे को पार करने में लिया गया अनुमानित समय ज्ञात कीजिए।

Find the approximate time taken by train B and train D to cross each other if both are travelling in opposite direction.

(A) 12.69 सेकंड/seconds
(B) 7.68 सेकंड/seconds
(C) 18.4 सेकंड/seconds
(D) 9.78 सेकंड/seconds

43. यदि ट्रेन E एक निश्चित लंबाई के प्लेटफॉर्म को 50 सेकंड में पार करती है तो ट्रेन D द्वारा उसी प्लेटफॉर्म को पार करने में लिया गया अनुमानित समय ज्ञात कीजिए।

If train E crosses a platform of certain length in 50 seconds, then find the approximate time taken by train D to cross the same platform.

(A) 102.5 सेकंड/seconds
(B) 91.82 सेकंड/seconds
(C) 110.5 सेकंड/seconds
(D) 78.9 सेकंड/seconds

44. ट्रेन A पटना से दिल्ली की यात्रा कर रही थी जबकि ट्रेन D दिल्ली से पटना की यात्रा कर रही थी। ट्रेन A, ट्रेन D के 2 घंटे बाद चलती है। यदि दोनों ट्रेनें दिल्ली से 297 किमी की दूरी पर मिलती हैं, तो पटना से दिल्ली के बीच की अनुमानित दूरी ज्ञात करें।

Train A was travelling from Patna to Delhi while train D was travelling from Delhi to Patna. Train A started after 2 hours of train D. If both trains meet at a distance of 297 km from Delhi, then find the approximate distance between Patna to Delhi.

(A) 489.7 किमी/km (B) 448.7 किमी/km
(C) 529.2 किमी/km (D) 505.8 किमी/km

45. ट्रेन B और ट्रेन C स्टेशन X से स्टेशन Y जो एक दूसरे से 414 किमी दूर है, तक यात्रा कर रही थी। यदि दोनों एक ही समय पर स्टेशन Y पर पहुँची तो ज्ञात कीजिए कि ट्रेन C के (लगभग) कितने समय बाद, ट्रेन B ने स्टेशन X को छोड़ा होगा ?

Train B and train C were travelling from station X to station Y which is 414 km apart. If both reached the station Y at the same time then find after how much time (approximately) of train C, would train B leaved station X ?


(A) 5.96 घंटे/hr (B) 6.29 घंटे/hr
(C) 5.12 घंटे/hr (D) 4.87 घंटे/hr

**निम्नलिखित पाई चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : (प्र. 46-50)**

निम्नलिखित पाई चार्ट विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में भारत की जनसंख्या के वितरण (% में) के बारे में जानकारी देता है :

**Study the following pie chart carefully and answer the questions given below : (Q. 46-50)**

The following pie chart gives the information about the distribution of population (in %) of India in different geographical zones :




**46.** यदि भारत की कुल जनसंख्या 125 करोड़ है, तो दक्षिण क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र की जनसंख्या का अनुमानित योग (करोड़ों में) क्या है ?
If the total population of India is 125 crores, then what is the approximate sum of the population of south zone and that of west zone in crores ?
(A) 62.13 (B) 48.75
(C) 42.17 (D) 52.67

**47.** यदि भारत के पूर्वी क्षेत्र की कुल जनसंख्या 126.5 मिलियन है, तो भारत के उत्तरी क्षेत्र की कुल जनसंख्या लगभग कितनी है ? (मिलियन में)
If the total population of east zone of India is 126.5 million, then what is the approximate total population of north zone of India ? (in million)
(A) 90.62 (B) 80.96
(C) 73.26 (D) 101.36

**48.** भारत के उत्तरी क्षेत्र की कुल जनसंख्या पूर्वी क्षेत्र की कुल जनसंख्या से कितने प्रतिशत कम है ?
The total population of north zone of India is how much percentage less than that of the east zone ?
(A) 42% (B) 26% (C) 48% (D) 36%

**49.** भारत में पुरुषों का महिलाओं से अनुपात 13 : 12 है और केन्द्रीय क्षेत्र में पुरुषों का महिलाओं से अनुपात 9 : 7 है । केन्द्रीय क्षेत्र में महिलाओं की संख्या भारत की महिलाओं की कुल संख्या का कितना प्रतिशत है ?
In India, the ratio of males to females is 13 : 12 and in central zone, the ratio of males to females is 9 : 7. The number of females in central zone is what percentage of the total number of females of India ?
(A) $18\frac{11}{48}$ (B) $16\frac{23}{36}$ (C) $16\frac{14}{48}$ (D) $12\frac{11}{36}$

**50.** पश्चिम क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 50% पुरुष हैं जो भारत में पुरुषों की कुल जनसंख्या के 10% के बराबर है और यदि पश्चिम क्षेत्र में महिलाओं की कुल जनसंख्या 50 मिलियन है, तो भारत में पुरुषों की कुल जनसंख्या कितनी है ?
50% of the total population of west zone are males which is equal to 10% of the total population of males in India and if the total population of females in west zone is 50 million, then what is the total population of males in India ?
(A) 550 मिलियन/million
(B) 450 मिलियन/million
(C) 575 मिलियन/million
(D) 500 मिलियन/million

**निम्नलिखित तालिका चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : (प्र. 51-55)**

निम्नलिखित तालिका विभिन्न दुकानों द्वारा विभिन्न पुस्तकों पर दी गई छूट % को दर्शाती है । सभी दुकानों पर प्रत्येक पुस्तक का अंकित मूल्य समान है ।

**Study the following table chart carefully and answer the questions given below : (Q. 51-55)**

The following table shows the discount % given by different stores on different books. The marked price of every book on all stores are same.

| पुस्तक/Books | दुकान/Stores | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 |
| A | 14% | | 25% | 18% |
| B | 16% | 14% | 10% | |
| C | 12% | | | 10% |
| D | | 6% | 9% | |

**51.** दुकान 1 में पुस्तक A का विक्रय मूल्य ₹ 395 है और दुकान 2 और 3 में विक्रय मूल्य का अंतर ₹ 36.825 है, दुकान 2 में लगभग छूट कितने प्रतिशत है ?
The selling price of book A in store 1 is ₹ 395 and difference of selling price in store 2 and 3 is ₹ 36.825. What is the approx. discount percentage in store 2 ?
(A) 12.5% (B) 16.98%
(C) 11.26% (D) 14.13%

**52.** दुकान 2 और 3 में पुस्तक B का औसत विक्रय मूल्य ₹ 594 है । दुकान 2 में पुस्तक B का विक्रय मूल्य क्या है ?
The average selling price of book B in store 2 and 3 is ₹ 594. What is the selling price of book B in store 2 ?
(A) ₹ 580.5 (B) ₹ 650
(C) ₹ 576.5 (D) ₹ 598

53. किताब A बेचने पर दुकान 1 को 10% का लाभ होता है । उसी पुस्तक पर दुकान 3 द्वारा प्राप्त किया गया अनुमानित लाभ/हानि प्रतिशत क्या है ? (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें ।)
By selling book A store 1 makes a profit of 10%. What is the approximate profit/loss percent incurred by store 3 on the same book ? (Round off to nearest integer)
(A) 4% (B) 1% (C) 6% (D) 2%

54. दुकान 2 और 3 में पुस्तक D का औसत विक्रय मूल्य ₹ 1,480 है । पुस्तक D का अंकित मूल्य क्या है ?
The average selling price of book D in store 2 and 3 is ₹ 1,480. What is the marked price of book D ?
(A) ₹ 1,750 (B) ₹ 1,800
(C) ₹ 1,600 (D) ₹ 1,940

55. दुकान 1 और 2 में पुस्तक C पर छूट प्रतिशत का अनुपात 3 : 2 है । यदि स्टोर 1 में विक्रय मूल्य ₹ 220 है, तो दुकान 2 में विक्रय मूल्य लगभग कितना है ?
Ratio of discount percentage on book C in store 1 and 2 is 3 : 2. If selling price in store 1 is ₹ 220, then what is the approx. selling price in store 2 ?
(A) ₹ 286 (B) ₹ 230
(C) ₹ 279 (D) ₹ 198

**निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें : (प्र. 56-60)**

निम्नलिखित तालिका 5 महीनों के लिए 3 परिवारों के फोन बिल (P), बिजली बिल (E) और पानी के बिल (W) के बिलों की राशि (₹ में) दर्शाती है :

**Study the following information carefully and answer the questions given below : (Q. 56-60)**

The following table shows the amount of bills (in ₹) of 3 families, Phone bills (P), Electricity bills (E) and Water bills (W) for 5 months :

| महीना/ Month | परिवार X / Family X | | | परिवार Y / Family Y | | | परिवार Z / Family Z | | | कुल/ Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | P | E | W | P | E | W | P | E | W | |
| जनवरी/ Jan. | 1400 | 1000 | 550 | 1000 | | 800 | 1500 | 2500 | 1000 | 11250 |
| फरवरी/ Feb. | 1400 | 1100 | 600 | 1200 | 1600 | 500 | 1350 | | 950 | 10100 |
| मार्च/ March | 1500 | 600 | 300 | 1250 | 400 | | 1200 | 2400 | 250 | 8500 |
| अप्रैल/ April | 2500 | 950 | 1500 | 1600 | 500 | 1500 | | 1250 | 350 | 11400 |
| मई/ May | | | | 1100 | 1500 | 1200 | 1400 | 1150 | 800 | 9450 |
| कुल/ Total | 8050 | 4100 | | | | | | | 3350 | 50700 |

56. मई महीने के लिए दिए गए आँकड़ों के अनुसार जून महीने में परिवार 'X' द्वारा फोन का बिल, बिजली का बिल और पानी का बिल पर भुगतान की गई राशि में 12%, 16% और 25% की वृद्धि हुई थी । जून माह में उसके तीनों बिलों पर भुगतान की गई कुल राशि ज्ञात कीजिए ।
Given that the amount paid on Phone bill, Electricity bill and Water bill by family 'X' in the month of June was increased by 12%, 16% and 25% as per the data given for the month of May. Find its total amount paid on all the three bills in the month of June.
(A) 2465 (B) 2662 (C) 2356 (D) 2672

57. फरवरी माह में तीनों परिवारों द्वारा बिजली बिलों पर भुगतान की गई कुल राशि और अप्रैल माह में तीनों परिवारों द्वारा फोन बिलों पर भुगतान की गई कुल राशि के बीच कितना अंतर है ?
What is the difference between the total amount paid on Electricity bills by all three families in the month of February and the total amount paid on Phone bills by all three families in the month of April ?
(A) 1500 (B) 550 (C) 1250 (D) 1400

58. जनवरी में बिजली पर सबसे अधिक राशि का भुगतान करने वाले परिवार के फोन बिल और बिजली बिल पर भुगतान की गई कुल राशि के बीच अनुपात क्या है ?
What is the ratio between the total amount paid on Phone bills and Electricity bills for the family who is paying the highest amount in January on Electricity ?
(A) 63 : 71 (B) 3 : 4
(C) 2 : 5 (D) 335 : 435

59. परिवार 'X' द्वारा पानी के बिलों पर भुगतान की गई औसत राशि परिवार 'Y' द्वारा पानी के बिलों पर भुगतान की गई औसत राशि से कितनी अधिक/कम है ?
The average amount paid on Water bills by family 'X' is how much more/less than the average amount paid by family 'Y' on Water bills ?
(A) 210 (B) 220 (C) 190 (D) 240

60. परिवार 'Y' द्वारा फोन बिलों पर भुगतान की गई राशि, दिए गए महीनों में उसकी बिजली बिलों पर भुगतान की गई राशि से लगभग कितने प्रतिशत अधिक है ?
The amount paid on Phone bills by family 'Y' is approximately more than what percent by its amount paid on Electricity bills over the given months ?
(A) 18% (B) 12% (C) 21% (D) 15%

61. अकबरनामा का _____ खंड अकबर के प्रशासन, घर, सेना, राजस्व(आय) और उसके साम्राज्य के भूगोल से संबंधित है जिसे आइने अकबरी के नाम से जाना जाता है।

(A) पहला (B) दूसरा
(C) चौथा (D) तीसरा

_____ volume of Akbar Nama deals with Akbar's administration, household, army, revenue and the geography of his empire that is known as Ain-i Akbari.

(A) First (B) Second
(C) Fourth (D) Third

62. भारत में स्थित किस हड़प्पा स्थल में हाकरा मृदभांड के भंडार शामिल हैं जो सिंधु घाटी सभ्यता के शुरुआती चरणों से पहले की बसावट की विशेषता है?

(A) राखीगढ़ी (B) कालीबंगन
(C) रोपड़ (D) धौलावीरा

Which Harappan site located in India includes deposits of Hakra Ware that is typical of settlement dating back before the early phases of Indus Valley Civilisation?

(A) Rakhi Garhi (B) Kalibangan
(C) Ropar (D) Dholavira

63. माना जाता है कि गौतम सिद्धार्थ (गौतम बुद्ध) ने अंतिम अनुभूति के लिए बोधगया जाने से पहले छह साल तक निम्नलिखित में से किस स्थान पर पवित्रतापूर्वक ध्यान किया था ?

(A) लुम्बिनी (B) सारनाथ
(C) डुंगेश्वरी गुफा (D) कुशीनगर

Gautama Siddhartha (Gautama Buddha) is believed to have piously meditated at which among the following places for six years before he went to Bodhgaya for the final realization ?

(A) Lumbini (B) Sarnath
(C) Dungeshwari Cave (D) Kushinagar

64. निम्नलिखित में से कौन सी हर्षवर्द्धन की पहली राजधानी थी?

(A) पाटलिपुत्र (B) थानेसर
(C) वैशाली (D) मगध

Which among the following was the first capital of Harshavardhana ?

(A) Pataliputra (B) Thanesar
(C) Vaishali (D) Magadh

65. सुभाष चंद्र बोस ने 1944 में मोइरांग में आईएनए (INA) ध्वज फहराया था । वह शहर अब निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है ?

(A) सिक्किम (B) लद्दाख
(C) मिजोरम (D) मणिपुर

Subhash Chadra Bose hoisted the INA flag at Moirang in 1944. In which of the following states/UTs that town is located now ?

(A) Sikkim (B) Ladakh
(C) Mizoram (D) Manipur

66. निम्नलिखित में से कौन सी नदी ऐतिहासिक रूप से कर्नाटक के दक्षिण में बंटवाल नदी के रूप में जानी जाती थी ?

(A) नेत्रावती नदी (B) गौतमी नदी
(C) कालिंदी नदी (D) पोन्नैयार नदी

Which of the following rivers was historically known as the Bantwal River in the south of Karnataka ?

(A) Netravati River (B) Gautami River
(C) Kalindi River (D) Ponnaiyar River

67. 1851 में, गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी ने निम्नलिखित में से किस राज्य का वर्णन "एक चेरी जो एक दिन हमारे मुँह में गिरेगी" के रूप में किया था ?

(A) सतारा (B) कन्नौज
(C) अवध (D) झाँसी

In 1851, the Governor General Lord Dalhousie described which of the following kingdom as "A cherry that will drop into our mouth one day" ?

(A) Satara (B) Kannauj
(C) Awadh (D) Jhansi

68. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान कांग्रेस मंत्रालयों ने कब इस्तीफा दिया ?

When Congress ministries resigned during the Indian National Movement ?

(A) 1938 (B) 1939
(C) 1941 (D) 1940

69. 1942 में विंस्टन चर्चिल द्वारा गांधीजी और कांग्रेस के साथ समझौता करने का प्रयास करने के लिए किसे भारत भेजा गया था?

(A) सर स्टैफ़ोर्ड क्रिप्स (B) लॉर्ड रिपन
(C) लॉर्ड माउंटबैटन (D) लॉर्ड लिनलिथगो

Who was sent to India in order to try and forge a compromise with Gandhiji and the Congress by Winston Churchill in 1942 ?

(A) Sir Stafford Cripps
(B) Lord Ripon
(C) Lord Mountbatten
(D) Lord Linlithgow

70. भारतीय मुसलमान चाहते थे कि खलीफा को तत्कालीन तुर्की साम्राज्य में मुस्लिम पवित्र स्थानों पर नियंत्रण बनाए रखने की अनुमति दी जाए । इस साम्राज्य को निम्नलिखित में से किस नाम से भी जाना जाता था ?

(A) क्विंग (B) उमय्यद
(C) ओटोमन (D) सासैनियन

Indian Muslims were keen that the Khalifa be allowed to retain control over Muslim sacred places in the erstwhile Turkish Empire. This empire was also known by which of the following name ?

(A) Qing (B) Umayyad
(C) Ottoman (D) Sasanian

71. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (I.N.C.) और अखिल भारतीय मुस्लिम लीग (A.I.M.L.) ने प्रसिद्ध ________ के माध्यम से अंग्रेजों के खिलाफ भारत के संघर्ष के लिए एक साथ आने का फैसला किया ।

(A) लखनऊ पैक्ट, 1916
(B) भारत सरकार अधिनियम (गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया एक्ट), 1935
(C) भारत में प्रवेश अध्यादेश (इंग्रेस इनटू इंडिया ऑर्डिनेंस), 1914
(D) गांधी-इरविन पैक्ट, 1931

The Indian National Congress (I.N.C.) and the All India Muslim League (A.I.M.L) decided to come together for the cause of India's struggle against the British through the famous ________.

(A) The Lucknow Pact, 1916
(B) Government of India Act, 1935
(C) Ingress into India Ordinance, 1914
(D) Gandhi–Irwin Pact, 1931

72. कुछ स्थानों पर भूजल, जल स्तर के नीचे कठोर चट्टानों की परतों के बीच जमा होता है । इसे किस नाम से जाना जाता है ?

(A) गीजर/उष्णोत्स (B) रिसा हुआ जल
(C) जलभृत (D) गर्म झरना

At some places ground water is stored between layers of hard rock below the water table. This is known by which name ?

(A) Geyser (B) Seeped Aqua
(C) Aquifer (D) Hot Spring

73. मिलम ग्लेशियर भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है ?

(A) जम्मू और कश्मीर (B) हिमाचल प्रदेश
(C) लद्दाख (D) उत्तराखंड

Milam glacier is located in which of the following states/UTs of India ?

(A) Jammu & Kashmir
(B) Himachal Pradesh
(C) Ladakh
(D) Uttarakhand

74. निम्नलिखित में से कौन सी संस्था भारत की समय संरक्षक (टाइम कीपर) है, अर्थात यह भारत की समय प्रणाली की निगरानी करती है ?

(A) पीआरएल (फीजिकल रिसर्च लेबोरेटरी)
(B) इसरो (इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाईजेशन)
(C) इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी
(D) सीएसआईआर–एनपीएल (नेशनल फीजिकल लेबोरेटरी)

Which of the following institutions, is India's time keeper, i.e, it monitors India's system of time ?

(A) PRL (Physical Research Laboratory)
(B) ISRO (Indian Space Research Organization)
(C) Indian National Science Academy
(D) CSIR-NPL (CSIR-National Physical Laboratory)

75. भारत का थार मरुस्थल विश्व का सबसे घनी आबादी वाला मरुस्थल है, जिसका जनसंख्या घनत्व कितना है ?

(A) 75 व्यक्ति प्रति किमी$^2$
(B) 83 व्यक्ति प्रति किमी$^2$
(C) 70 व्यक्ति प्रति किमी$^2$
(D) 45 व्यक्ति प्रति किमी$^2$

The Thar Desert of India is the most densely populated desert in the world with what population density ?

(A) 75 people per km$^2$
(B) 83 people per km$^2$
(C) 70 people per km$^2$
(D) 45 people per km$^2$

76. हरित क्रांति के संदर्भ में HYV बीज क्या हैं, जिन्हें "चमत्कारी बीज" भी कहा जाता है ?

(A) होमो उपज किस्म (होमो यील्ड वैरायटी)

(B) संकर उपज किस्म (हाइब्रिड यील्ड वैरायटी)

(C) हेटेरो उपज भिन्नता (हेटेरो यील्ड वेरिएशन)

(D) उच्च उपज वाली किस्म (हाइ यील्ड वैरायटी)

With reference to Green Revolution what is HYV Seeds, which are also called as "Miracle Seeds" ?

(A) Homo Yield Variety

(B) Hybrid Yield Variety

(C) Hetero Yield Variation

(D) High Yield Variety

77. यह सुनिश्चित करने के लिए कि जीएसटी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जाए, सरकार ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (नेशनल एंटी प्रोफिटियरिंग ऑथोरिटी) की स्थापना की, लेकिन 1 दिसंबर, 2022 से सभी जीएसटी मुनाफाखोरी-रोधी (एंटी प्रोफिटियरिंग) शिकायतों का निपटारा किस संगठन द्वारा किया जाता है ?

(A) आरबीआई (भारतीय रिज़र्व बैंक)

(B) भारत का आयकर विभाग

(C) सीसीआई (भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग)

(D) एनसीडीआरसी (राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग)

To ensure that the benefits of GST are passed on to the consumers, the government established the National Anti-Profiteering Authority (NAA) but from 1st December, 2022 all GST anti-profiteering complaints are dealt by which organisation ?

(A) RBI (Reserve Bank of India)

(B) Income Tax Department of India

(C) CCI (Competition Commission of India)

(D) NCDRC (The National Consumer Disputes Redressal Commission)

78. राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान (NIBM) की स्थापना 1969 में निम्नलिखित में से किसके द्वारा, भारत सरकार के परामर्श से, बैंक प्रबंधन में अनुसंधान, प्रशिक्षण, शिक्षा और परामर्श के लिए एक स्वायत्त शीर्ष संस्थान के रूप में की गई थी ?

(A) इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (IIFCL)

(B) रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया (RBI)

(C) नेशनल बैंक ऑफ फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट (NBFID)

(D) एक्सपोर्ट इम्पोर्ट बैंक ऑफ़ इंडिया (EXIM)

National Institute of Bank Management (NIBM) was established in 1969 by which of the following, in consultation with the Government of India, as an autonomous apex institution for research, training, education and consultancy in bank management ?

(A) India Infrastructure Finance Company Limited (IIFCL)

(B) Reserve Bank of India (RBI)

(C) National Bank of Financing Infrastructure and Development (NBFID)

(D) Export-Import Bank of India (EXIM)

79. 11वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि क्या थी ?

What was the period of 11th Five Year Plan ?

(A) 2012-2017 (B) 2007-2012

(C) 2002-2007 (D) 1997-2002

80. निम्नलिखित में से कौन सा 1991 में नई आर्थिक नीति (एनईपी) के तहत संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रमों का हिस्सा नहीं था ?

(A) औद्योगिक सुधार

(B) कर सुधार

(C) भुगतान संतुलन का समायोजन

(D) राजकोषीय सुधार

Which of the following was not a part of the structural adjustment programs under the New Economic Policy (NEP) in 1991 ?

(A) Industrial Reforms

(B) Tax Reforms

(C) Balance of Payment Adjustment

(D) Fiscal Reforms

81. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद मुख्यमंत्री के कर्तव्यों को परिभाषित करता है ?

(A) अनुच्छेद 162 (B) अनुच्छेद 170

(C) अनुच्छेद 165 (D) अनुच्छेद 167

Which Article of the Indian Constitution defines the duties of the Chief Minister ?

(A) Article 162 (B) Article 170

(C) Article 165 (D) Article 167

82. 13 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा में "उद्देश्य प्रस्ताव (ऑब्जेक्टिव रिसोल्यूशन)" किसके द्वारा पेश किया गया था ?

(A) जवाहरलाल नेहरू

(B) सरदार वल्लभभाई पटेल

(C) सरोजिनी नायडू

(D) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

"Objective Resolution" was introduced in the Constituent Assembly on 13 December, 1946 by whom ?

(A) Jawaharlal Nehru

(B) Sardar Vallabh Bhai Patel

(C) Sarojini Naidu

(D) Dr. Rajendra Prasad

83. किस अनुच्छेद के तहत आपातकाल के दौरान मौलिक अधिकारों को भी निलंबित किया जा सकता है ?

(A) अनुच्छेद 356 (B) अनुच्छेद 359

(C) अनुच्छेद 344 (D) अनुच्छेद 345

The Fundamental Rights can also be suspended during the Emergency under which article ?

(A) Article 356 (B) Article 359

(C) Article 344 (D) Article 345

84. ब्रिटिश प्रधानमंत्री रामसे मैकडोनाल्ड द्वारा बनाया गया सांप्रदायिक पुरस्कार निम्नलिखित में से किसका परिणाम था ?

(A) द्वितीय गोलमेज सम्मेलन

(B) प्रथम गोलमेज सम्मेलन

(C) भारत सरकार अधिनियम 1919

(D) पूना समझौता, 1932

The Communal Award coined by the British Prime Minister Ramsay MacDonald was the result of which of the following ?

(A) 2nd Round Table Conference

(B) 1st Round Table Conference

(C) Government of India Act, 1919

(D) Poona Pact, 1932

85. लैक्टोमीटर निम्नलिखित में से किस सिद्धांत/नियम पर कार्य करता है ?

(A) पास्कल का सिद्धांत

(B) न्यूटन का श्यानता का नियम

(C) बर्नूली का सिद्धांत

(D) आर्किमिडीज़ का सिद्धांत

Lactometer works on which of the following principles/laws ?

(A) Pascal's Principle

(B) Newton's Law of Viscosity

(C) Bernoulli's Principle

(D) Archimedes' Principle

86. 'लोकतंत्र और विकास के लिए पंचायती राज संस्थानों के पुनरुद्धार' पर एक अवधारणा पत्र तैयार करने के लिए किस समिति को नियुक्त किया गया था ?

(A) राजेश पंत विशेषज्ञ समिति

(B) वाघुल समिति

(C) शिवरामन समिति

(D) एल.एम. सिंघवी समिति

Which committee was appointed to prepare a concept paper on 'Revitalization of Panchayati Raj Institutions for Democracy and Development' ?

(A) Rajesh Pant Expert Committee

(B) Vaghul Committee

(C) Shivaraman Committee

(D) L. M. Singhvi Committee

87. भोजन के डिब्बों (cans) पर जिंक के स्थान पर निम्नलिखित में से किस धातु का लेप लगाया जाता है ?

(A) लोहा (B) मैग्नीशियम

(C) सीसा (D) टिन

Food cans are coated with which of the following metals instead of zinc ?

(A) Iron (B) Magnesium

(C) Lead (D) Tin

88. आग के पास किस रसायन का अत्यधिक सूखा पाउडर छोड़ने से $CO_2$ निकलता है ?

(A) कैल्सियम कार्बोनेट

(B) मैग्नीशियम ऑक्साइड

(C) पोटैशियम फॉस्फेट

(D) सोडियम बाइकार्बोनेट

By releasing excessive dry powder of which chemical near the fire gives off $CO_2$ ?

(A) Calcium Carbonate

(B) Magnesium Oxide

(C) Potassium Phosphate

(D) Sodium Bicarbonate

89. देसी घी की कीमत में 25% की वृद्धि हुई है । एक परिवार को देसी घी की खपत कितने प्रतिशत कम करनी चाहिए ताकि इस खाते में खर्च न बढ़े ?
The price of Desi Ghee has increased by 25%. By what percent should a family reduce the consumption of Desi Ghee so as not to increase the expenditure in this account ?
(A) 18% (B) 20%
(C) 16% (D) 24%

90. निम्नलिखित में से $\{(341)^{491} \times (625)^{317} \times (6374)^{1793}\}$ के गुणनफल में इकाई अंक कौन सा है ?
Which of the following is the unit digit in the product of $\{(341)^{491} \times (625)^{317} \times (6374)^{1793}\}$ ?
(A) 0 (B) 3
(C) 8 (D) 7

91. फ्लोरोसेंट ट्यूब और सीएफएल (CFL) में निम्नलिखित में से किस धातु का वाष्प होता है जो प्रकृति में विषैला होता है ?
(A) टंगस्टन (B) पारा
(C) एल्युमिनियम (D) टाइटैनियम
Fluorescent tubes and CFLs contain vapour of which of the following metals that is toxic in nature ?
(A) Tungsten (B) Mercury
(C) Aluminium (D) Titanium

92. स्फिग्मोमैनोमीटर का उपयोग निम्नलिखित में से किसे मापने के लिए किया जाता है ?
(A) रक्तचाप
(B) स्वर-रज्जु
(C) रक्त में ग्लूकोज की सांद्रता
(D) कंकाल की मांसपेशी द्वारा विद्युत गतिविधि
Sphygmomanometer is used to measure which of the following ?
(A) Blood Pressure
(B) Vocal Folds
(C) Concentration of the glucose in the blood
(D) Electric Activity by Skeletal Muscle

93. $(-27) \times (-16) + (-27) \times (-14)$ का मान है
The value of $(-27) \times (-16) + (-27) \times (-14)$ is
(A) 810 (B) –1110
(C) 1110 (D) –810

94. यदि $(0.04)^2 \div (0.008) \times (0.2)^6 = (0.2)^Y$, तो Y ज्ञात कीजिए ।
If $(0.04)^2 \div (0.008) \times (0.2)^6 = (0.2)^Y$, then find Y.
(A) 7 (B) 17
(C) 6 (D) 16

95. यदि $1^2 + 2^2 + 3^2 + ..... + 10^2 = 385$, तो $3^2 + 6^2 + 9^2 + ..... + 30^2$ बराबर है
If $1^2 + 2^2 + 3^2 + ..... + 10^2 = 385$, then $3^2 + 6^2 + 9^2 + ..... + 30^2$ is equal to
(A) 1155 (B) 3465
(C) 770 (D) 2310

96. 'चाँदी का जूता मारना' मुहावरे का सही अर्थ निम्न में से कौन सा है ?
(A) रिश्वत देना । (B) परवाह न करना ।
(C) बहुत पीटना । (D) आनन्द मनाना ।

97. 'भारतीय आत्मा' किस कवि का उपनाम है ?
(A) विद्यापति ठाकुर
(B) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(C) माखनलाल चतुर्वेदी
(D) हरिराम व्यास

98. 'उर्मिलेश' शब्द का संधि-विच्छेद चयन कीजिए ।
(A) उर्मिला + ईश (B) उर्मिल + ईश
(C) उर्मिल + एश (D) उर्मिला + एश

99. निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द पर्यायवाची नहीं हैं ?
(A) विशिख, तीर, इषु
(B) निशीथ, मध्यरात्र, वासर
(C) कैवल्य, निर्वाण, अपवर्ग
(D) अश्म, प्रस्तर, शिला

100. निम्नलिखित में से किस विकल्प में शब्द श्रुतिसम भिन्नार्थक का सही अर्थ-भेद नहीं है ?

| | शब्द युग्म | अर्थ-भेद |
|---|---|---|
| (A) | श्वपच – स्वपच | चाण्डाल – स्वयं भोजन बनाने वाला |
| (B) | प्रवाल – प्रवार | मूँगा – वस्त्र |
| (C) | हुति – हूति | हवन – बुलावा |
| (D) | थाति – धाती | धरोहर – स्थिरता |